मुझे कैसी फिकर सांवरे साथ तेरा है गर सांवरे लिरिक्स

मुझे कैसी फिकर सांवरे,
साथ तेरा है गर सांवरे,
मेरे होंठो पे रहती हंसी,
कोई गम ना बस है खुशी,
मुझे कैसी फ़िक्र सांवरे,
साथ तेरा है गर सांवरे।bd।

कितनी मुश्किल जो आए,
मैं तो खिलखिलाता रहूं,
तेरी किरपा से विपदाओं को,
दूर भगाता रहूं,
मुझे दुनिया की परवाह नहीं,
सिवा तेरे कोई चाह नहीं,
मुझे कैसी फ़िक्र सांवरे,
साथ तेरा है गर सांवरे।bd।

मेरे संग में जो तू है,
मैं तेरे गीत गाता रहूं,
तेरी चौखट पे हरदम यूँ ही,
श्याम आता रहूं,
तूने थामा है दामन मेरा,
किया अहसान बाबा बड़ा,
मुझे कैसी फ़िक्र सांवरे,
साथ तेरा है गर सांवरे।bd।

तेरी महिमा को कान्हा,
यूँ ही गुनगुनाता रहूं,
अपने हाथों से सांवरिये को,
रोज सजाता रहूं,
कभी ना बिछड़ूँ दर से तेरे,
'हर्ष' अरमान इतने मेरे,
मुझे कैसी फ़िक्र सांवरे,
साथ तेरा है गर सांवरे।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मुझे कैसी फिकर सांवरे,
साथ तेरा है गर सांवरे,
मेरे होंठो पे रहती हंसी,
कोई गम ना बस है खुशी,
मुझे कैसी फ़िक्र सांवरे,
साथ तेरा है गर सांवरे।bd।

Singer – Kishan Kumar

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com